डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(नेशनल अकादमी ऑफ़ लेटर्स)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ. / 16 / 14 /

15 फ़रवरी 2017

साहित्योत्सव (फेस्टिवल ऑफ लेटर्स) 2017

21–26 फरवरी, 2017, नई दिल्ली

महोदय / महोदया,

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि साहित्य अकादेमी 21 फ़रवरी 2017 से 26 फ़रवरी 2017 तक भारतीय साहित्य का सप्ताहकालीन उत्सव आयोजित कर रही है। उत्सव का आरंभ अकादेमी की वर्षभर की गतिविधियों को प्रदर्शित करनेवाली प्रदर्शनी से होगा।

साहित्य अकादेमी पुरस्कार अर्पण समारोह कमानी सभागार, नई दिल्ली में 22 फ़रवरी 2017 को सायं 5.30 बजे होगा, जिसमें 24 भारतीय भाषाओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

साहित्योत्सव में देश के कोने–कोने से विभिन्न भाषाओं का प्रतिनिधित्व करनेवाले 215 लेखक और विद्वान तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने के लिए कई सांस्कृतिक संस्थाएँ आ रही हैं। बच्चों के लिए भी कई रोचक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएँ भी आयोजित होगी।

इस साहित्योत्सव के बारे में और विस्तृत जानकारी देने के लिए अकादेमी एक **प्रैस कॉन्फ्रेंस दिनांक 17 फरवरी 2017 को सायं 4.00 बजे, साहित्य अकादेमी के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष** में कर रही है। अपराह्न 3.30 बजे चाय का प्रबंध किया गया है।

आप सादर आमंत्रित हैं।

शुभकामनाओं सहित,

आपका

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in